# सरपंच व प्रबुद्धजनों ने जिला कलेक्टर से क्रॉप कटिंग सार्वजनिक करने की मांग की

## संघर्षरत किसानों के चक्का जाम का समर्थन किया

**सादुलपुर, (निसं)।** पंचायत समिति राजगढ़ के 27 सरपंचों व प्रभुद्धजनों नें संघर्षरत किसानों के समर्थन व तीन दिन से चल रहे चक्का जाम के समर्थन में जिला कलेक्टर चूरू सिद्धार्थ सिहाग से क्रॉप कटिंग की रिर्पोट को किसानों के सामने सार्वजनिक करने की माँग की है एवं फसल बीमा में आई हुई विषंसगतियों को दूर कर आंदोलनरत किसानो से सकारात्मक वार्ता की माँग की।

चूरू कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने बताया राज्य सरकार किसानों की क्रॉप कटिंग की माँग पर सकारात्मक सोच रखती हैं, जल्दी ही राज्य सरकार यह माँग पूरी करने वाली है और राज्य सरकार किसानों के हित में काम करेगी। इसी दौरान प्रतिनिधि मंडल में राजगढ़ काग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पूनिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन सैनी, राजगढ़ तहसील के सरपंच



जिला कलेक्टर चूरू से क्रॉप कटिंग की रिपोर्ट को किसानों के सामने सार्वजनिक करने की मांग को लेकर वार्ता करते पंचायत समिति राजगढ़ के सरपंच व प्रभुद्धजन।

रामनिवास मितड़, नरेंद्र पूनिया, मानसिंह रेबारी, करतार सिंह टांडी, सुल्तान जागिड़, संजीव पूनिया, रामनिवास पूनिया, राजेन्द्र सिंह, धर्मवीर कटारिया, संतोष, महावीर पूनिया, प्रेम पूनिया, राजवीर पूनिया, दलीप सिंह लाम्बा, बीना कुमारी, नरेश बालानिया, चरण सिंह काजला, सुनील कुमार, जय सिह, सन्तु सिंह,

■ **फसल बीमा में आई हुई विषंसगतियों को दूर कर किसानों से सकारात्मक वार्ता की मांग की**

राजपाल सिंह पूनिया, कुलदीप, रामसिंह कस्वा व महावीर जागिड़ आदि ने जिला कलेक्टर चूरू सिद्धार्थ सिहाग से वार्ता की।

गौरतलब है कि इसी मामले को लेकर सोमवार को पंचायत समिति राजगढ़ के 27 सरपंचों व प्रबुद्धजनो ने जिला कलेक्टर चूरू से मुलाकात कर क्रॉप कटिंग की रिर्पोट को किसानों के सामने सार्वजनिक करने की माँग की एवं फसल बीमा में आई हुई विषंसगतियों को दूर कर आंदोलनरत किसानों से सकारात्मक वार्ता की माँग की।

## झमाझम बारिश में हुआ रुद्राभिषेक

**डूंडलोद, (निसं)।** कस्बे के हीरानाथ शिवधाम गुरूकुल आश्रम में श्रीराम भक्त हनुमानजी फाउंडेशन के तत्वावधान में संपूर्ण मास में चल रहे महारुद्राभिषेक में सोमवार को सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। वहीं आश्रम परिसर में दोपहर झमाझम बारिश में भी पंडित आचार्य चंद्रशेखर के सानिध्य में शिव मंत्रोच्चार के साथ महारुद्राभिषेक किया गया। महारुद्राभिषेक में 21 जोड़ो ने भाग लिया। श्रीराम भक्त हनुमान फाउंडेशन के संस्थापक भास्कर दूलड़ ने बताया कि संपूर्ण मास में चलने वाले रुद्राभिषेक में श्रावण मास शुरू होने के साथ से अब तक 253 शिवभक्त रुद्राभिषेक कर चुके हैं। इस रुद्राभिषेक में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के वाहन की निशुल्क भी व्यवस्था की गई है। सोमवार को रुद्राभिषेक चंद्रपाल दूलड़, संजय पारीक, शंकरसिंह बड़गुर्जर, संजय नायक, रणजीत मुहाल, जगदीश सैनी, आनंद घोड़ेला, सत्यनारायण घोड़ेला, सुरेंद्र पोरवाल, मक्खनलाल चावला, सज्जन पोदार, मनोज योगी, स्मिता चौधरी, रचना, कैलाश घोड़ेला, संदीप घोड़ेला, माया देवी आदि ने रुद्राभिषेक किया।

## सार-समाचार

### प्रशासन शहरों के संग अभियान



**बीदासर, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत वार्ड 1, 2, 3 व 5 के शिविर का आयोजन सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में किया गया। शिविर में पट्टे बनाने के लिये चार आवेदन आये। शिविर में पालिका कर्मचारियों के अलावा पानी, बिजली, स्वास्थ्य, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। गौरतलब है कि पालिका के अधिशाषी अधिकारी का स्थानान्तरण हो जाने के बाद पालिका ईओ का कार्यभार एसडीमए देख रहे है। ईओ के अभाव में न तो पट्टे बन रहे है, वहीं पालिका का कार्य भी बिना ईओ के प्रभावित हो रहा है।

### सीटों पर आवेदन पत्र आमंत्रित

**चूरू, (कासं)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, झारिया में कक्षा 1 से 8 तक तक के लिए रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए एक अवसर और दिया गया है। अब 22 जुलाई तक शाला में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र लिए जाएंगे। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, झारिया के प्रधानाचार्य शिवराज सिंह ने बताया कि 25 जुलाई को प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची चस्पा जायेगी तथा सीट से अधिक आवेदन आने पर 26 जुलाई को लॉटरी निकाली जायेगी। चयनित विद्यार्थियों की सूची 27 जुलाई को प्रकाशित की जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि कक्षा एक से आठ तक के लिए अपने बच्चों के आवेदन करवाएं। उन्होंने बताया कि झारिया के ग्रामीणों में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को लेकर काफी उत्साह का माहौल है।

### पिता-पुत्र कोरोना पॉजिटिव

**सुजानगढ़, (निसं)।** लंबे अंतराल के बाद शहर में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दी है। राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र पॉजिटिव आए हैं। पीएमओ डॉ. सुरेश कालानी ने बताया कि शहर के वार्ड नं. 35 निवासी पिता-पुत्र की 15 जुलाई को जांच की गई थी। जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पिता पुत्र को क्वारन्टीन कर दिया गया है तथा उनकी चिकित्सकीय निगरानी रखी जा रही है। पीएमओ ने बताया कि एएनएम द्वारा वार्ड में जाकर करीब 30 व्यक्तियों की जांच की गई है। पीएमओ डॉ. सुरेश कालानी ने सभी से कोरोना गाइड लाइन की पालना करने की अपील की है।

### चोरी के मामले में दो और गिरफ्तार

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे के वार्ड 18 में 4 जुलाई को मोहम्मद जमील बिसायती के घर हुई लाखों रूपये की चोरी के दर्ज मामले मे पुलिस ने रविवार की देर शाम सुजानगढ के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मामले की जाँच कर रहे एएसआई रतनलाल लुहार ने बताया कि चोरी की दर्ज मामले मे शाहिद लीलघर, उमरदीन बिसायती वार्ड 52 निवासी सुजानगढ को गिरफ्तार कर सोमवार को दो दिन की पीसी रिमांड पर लिया है। आरोपियों से सोने-चाँदी के जेवरात व नगदी बरामद की है। इससे पूर्व इस मामले में पुलिस चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

### घर के आगे से बाइक चोरी

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित बालबाड़ी भवन के पीछे रविवार की देर शाम घर के आगे खडी बाईक अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गये। बाईक के मालिक रविन्द्र सिंह ने पुलिस की रिपोर्ट दी कि मेरे घर के आगे बाईक खडी थी। जिसको कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया। पुलिस ने रविन्द्र की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बाईक चुरा ले जाने का मामला दर्ज किया है।

# रालोपा ने ज्ञापन सौंप कर समस्याओं का समाधान करने की मांग की



समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सभापति ( बांये ) को ज्ञापन सौंपते आरएलपी नेता।

**सुजानगढ़, (निसं)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने नगरपरिषद सभापति नीलोफर गौरी को ज्ञापन सौंप कर शहर की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

ज्ञापन में बरसाती पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने, टूटी सडकों को ठीक करवाने, अस्पताल में सक्रिय लपका गिरोह पर पाबंदी लगाने, अस्पताल परिसर में पीने के पानी की व्यवस्था करवाने, टैक्सी स्टैण्ड का व्यवस्थित एवं सुचारू संचालन करवाने, बाजार एवं सब्जी मण्डी से अतिक्रमण हटाने, आवारा पशुओं को पकडने, गणेश मंदिर के पास इंदिरा रसोई एवं सुलभ शौचालय की सुविधा करने, ऑटोटीपर का व्यवस्थित संचालन करवाने, खेल मैदान के लिए भूमि का आवंटन करने, लोहिया स्टेडियम में आवारा व नशेडी प्रवृति के लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने तथा दरवाजों पर ताले लगाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि 15 दिवस में कार्यवाही नहीं होने पर रालोपा द्वारा नगरपरिषद के बाहर धरना प्रदर्शन किया जावेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान आरएलपी नेता सीताराम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनवारी गुरू, विजेन्द्र ढाका, भवानी नायक उपस्थित थे।

## जागरूकता रथ रवाना किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं पुलिस ने आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देने और जागरूक करने के लिए आज से एक जागरूकता रथ को रवाना किया है। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी तथा एसपी मृदुल कच्छावा ने इस रथ को हरी झंडी

■ **यातायात नियमों की जानकारी देगी झुंझुनूं पुलिस**

दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज सिंह टीकेएन ने बताया कि लॉयंस क्लब व टीकेएन फायर सेफ्टी संस्थान के सहयोग से इस रथ को पूरे शहर में घुमाया जाएगा। पंपलेट्स और नुक्कड़ सभाओं के अलावा स्कूल-कॉलेजों में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर जहां पर भी बिना रिफलेक्टर वाहन या फिर बैल गाड़ी आदि दिखेगी। उस पर रेडियम रिफलेक्टर भी लगाए जाएंगे। ताकि हादसों में कमी लाई जा सके।

# नीमकाथाना विस. क्षेत्र में बनाई जाएंगी 17 सड़कें

■ **10 करोड़ की सड़कों के प्रस्ताव की स्वीकृति मिली**

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी के अथक प्रयासों से उपखंड क्षेत्र को 10 करोड़ की सड़कों के प्रस्ताव की स्वीकृति मिली है। इसमें कुल 29.50 किलोमीटर लम्बाई की 17 सड़ंके बनेगी। सड़कों की स्वीकृति की सूचना मिलने पर सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक मोदी का आभार व्यक्त किया है।

बनने वाली सड़कों में गुहाला (एस.एच-37बी) काजरिया मोड से आडी की ढाणी 49.50 लाख, झड़ाया (जिला सीमा) से गोविन्दपुरा तक 64.50 लाख, भूदोली से भगेगा सड़क घोड़ी वाले के मकान से होते हुये ढाणी पाका पोठा वाली तक 179.50 लाख, दयाल की नांगल से पालतीवाला 50.00 लाख, कोला की नांगल से ढाणी पदमावाली 49.50 लाख, धांधेला से बेवा 49.50 लाख, बल्लुपुरा से झोझुवाला 39.00 लाख, गणेश्वर से लादाला 39.00 लाख, गुंवार से दीपावास सड़क तक 69.50 लाख, मावण्डा खुर्द से ढाणी खरवासों की 65.50 लाख, एस.एच-37 बी से केशर की ढाणी तक 69.00 लाख, हीरानगर से नीमकाथाना बाईपास तक 55.00 लाख, भूदोली से आगवाडी फाटक (एस.एच.बी) तक 54.00 लाख, ठिकरिया से लाम्बा की ढाणी 39.00 लाख, डाबला बालिका विघालय से ढाणी जुनावाली जिला सीमा तक 73.00 लाख, चेता की ढाणी से बासड़ी कलां 25.00 लाख, गोडावास ग्राम पंचायत में पंचायत भवन से पानी की टंकी तक 29.50 लाख रूपए से सड़क बनेगी। विधायक मोदी ने बताया कि मेरा प्रयास है कि नीमकाथाना परिक्षेत्र का कोई भी गांव बिना सड़क के नही रहे। जिन लोगों को आजादी के बाद से अब तक पक्की सड़क नसीब नहीं हुई थी अब उन गांव एवं ढाणियों को भी विधायक मोदी ने पक्की सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करवाई है।

# वार्डवासियों ने नगर परिषद का घेराव किया




समस्याओं को लेकर डीवाईएफआई के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली।

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 53 व 54 की समस्याओं के समाधान के लिए डीवाईएफआई ने सोमवार को प्रदर्शन किया। सबसे पहले दोनों वार्डों और डीवाईएफआई के कार्यकर्ता शहीद स्मारक पर इकट्ठा हुए। इसके बाद रैली के रूप में नगर परिषद पहुंचे और जमकर नारेबाजी करते हुए नगर परिषद का घेराव किया।

इस मौके पर वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड नंबर 53 में पुरानी मेघवाल बगीची से लेकर मंड्रेला बाईपास तक की रोड अधूरी बनी हुई है। जिसके कारण बारिश के दिनों में भयंकर कीचड़ हो रखा है। यही कारण है कि 15-20 घरों की बस्ती के लोगों के लिए तो निकलना भी दूभर हो रख है। यही नहीं इसके अलावा वार्ड नंबर 54 में भी ऐसे ही हालत है। यहां पर राणी सती स्कूल से मंड्रेला बाईपास तक पानी जमा रहता है। जरा सी बारिश के कारण 300 से 400 घरों का बाहर निकलना दूभर हो जाता है। घेराव की सूचना पर एसडीएम शैलेश खैरवा नगर परिषद पहुंचे और उन्होंने समझाइश कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया है।

## 'बाबुल थारी लाडली' फ़िल्म 22 जुलाई को रिलीज होगी

**कोलसिया, (निसं)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर बनाई गई राजस्थानी फ़िल्म बाबुल थारी लाडली 22 जुलाई को पिलानी में रिलीज होगी।

दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित जुगलकिशोर नायक इस फ़िल्म के डायरेक्टर व निर्माता हैं तथा जयश्री मित्तल सह प्रोड्यूसर हैं। नाइन वंडर एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह फ़िल्म सामाजिक, पारिवारिक, संदेशप्रद व सरल भाषा की राजस्थानी फिल्म है। फिल्म के मुख्य कलाकार राज जांगिड़, सोनम पाटनी, वंदना जोगी आर्यन माहेश्वरी, दीपमाला, रक्षा गुप्ता, अंजली पारीक, मोनू शर्मा, बलवीर राठौड़, युधिष्ठिर सिंह भाटी, धर्मेश नायक व मुस्कान ने भूमिका निभाई है।

यह फ़िल्म राजस्थान के पिलानी में 22 जुलाई से दोपहर 12 बजे रिलीज होगी। इसके बाद राजस्थान एवं देशभर के कई सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। राजस्थानी फिल्मों को सफलता दिलाने के लिए दर्शकों का साथ व प्यार बहुत जरूरी है।

# सांसद निवास पर भाजपा कार्यसमिति की बैठक




भाजपा कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते पूर्व सांसद रामसिंह कस्वा।

**सादुलपुर, (निसं)।** भाजपा कार्यसमिति की बैठक सांसद निवास पर हुई। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद रामसिंह कस्वा ने कहा कि संगठन ही सर्वोपरि होता है तथा संगठन का कार्य पूर्ण निष्ठा के करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जनता को झूठ बोलकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार को अब उखाड फेंकने का समय आ गया है। किसान कर्ज माफी, बेरोजगारी भत्ता, 24 घण्टे बिजली की प्रलोभन देकर सता में आई सरकार को अब उखाड फेंकना

■ **संगठन ही सर्वोपरि होता है तथा संगठन का कार्य पूर्ण निष्ठा के करना चाहिए : पूर्व सांसद कस्वा**

होगा। पूर्व विद्यायक कमला कस्वा ने कहा कि राज्य सरकार के गठन के बाद जितने अत्याचार इस प्रदेश में गए है, ऐसे आज तक कभी नहीं हुए, जबकि सरकार सोई हुई है। प्रधान विनोद देवी पूनिया ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं को ही अपनी योजना बताकर काम गिनाने के काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 43 महीनों में एक ईंट कांग्रेस सरकार द्वारा नहीं लगाई गई है।

इसी दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष महावीर पूनिया, भास्कर शर्मा, कुरडाराम शर्मा, दौलत तंवर, धर्मेंद्र श्योराण, मोहन लाल आर्य, सतवीर पूनिया ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सुरेंद्र स्वामी, राजेश बैरासरिया, मुकेश शर्मा सहित सभी मंडल पदाधिकारी, सरपंच गण, पंचायत समिति सदस्य गण, जिला परिषद सदस्य गण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रवक्ता डॉ. कुलदीप पूनिया ने किया।

## देखरेख के अभाव में उजड़ा सार्वजनिक पार्क

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले की मंडावा नगरपालिका पार्षद सपना शर्मा व भाजपा मीडिया प्रभारी संदीप शर्मा ने मंडावा चेयरमैन व ईओ को पत्र भेजकर सुभाष चौक स्थित पार्क की व्यवस्था को दुरूस्त करवाने का आग्रह किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि कस्बे का हृदय स्थल सुभाष चौक के पास एजे खत्री सार्वजनिक पार्क इन दिनों देखरेख के अभाव में दुर्दशा का कारण बना हुआ है। तत्कालीन भाजपा नगरपालिका बोर्ड द्वारा दो वर्ष पूर्व लाखों रूपए की लागत से सार्वजनिक पार्क में बैठने की व्यवस्था, टीन शैड, लाइट, पंखे सहित अन्य सुविधाएं करवाई गई थी। असामाजिक तत्वों ने पार्क में लगी कुर्सियां व पंखे को तोड़ दिए। दरवाजा बंद नहीं होने से पशुओं का पार्क में जमावड़ा होने लगा है। जगह-जगह लगे हैं कचरे के ढेर। ये दयनीय स्थिति हैं नगर पालिका की ओर से उपेक्षा का शिकार हो रहा है यह सार्वजनिक पार्क। तपती गर्मी में राहगीरों के सुस्ताने का ठिकाना ये पार्क ही होते हैं, मगर कोई एक भी पार्क नहीं जो इस तन झुलसाने वाली गर्मी में शहरवासियों को पलभर का सुकून दे सकें। इस पार्क की स्थिति में कोई सुधार नहीं देखा जा रहा हैं। नगर पालिका प्रशासन की निगरानी में यह सार्वजनिक पार्क है।


**नाम परिवर्तन**

मैं शुभकरण निवासी गांव ढाणी रणवा चूरू शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री आरती शहीद श्री संजय कुमार रा.उ. प्राथमिक विद्यालय ढाणी रणवा में कक्षा 5 में अध्ययनरत है। जिसके विद्यालय रिकॉर्ड में मेरा नाम भूलवश शुभकरण खिचड़ दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शुभकरण है। मेरे सभी दस्तावेजों में भी मेरा नाम शुभकरण दर्ज है। इसलिए मेरा मेरी पुत्री के विद्यालय रिकॉर्ड में सही नाम शुभकरण दर्ज किया जावे।

शपथग्रहिता- शुभकरण

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 23/2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थीया शिवा चाहर पत्नि श्री देवेन्द्र निवासी लुहारू बाईपास रोड चिड़ावा जिला झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत दलीप सिंह मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट C/o डी.एस.एम. अस्पताल लुहारू बाईपास रोड चिड़ावा जिला झुंझुनूं के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 15.07.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 19.09.2022
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर


# एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकाल 'नो सिंगल यूज्ड प्लास्टिक' का संदेश दिया

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** श्री श्याम पीजी महाविद्यालय गुढ़ागौड़जी के एनसीसी कैडेट्स ने 1 राज सीटीआर एनसीसी पिलानी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरुण नैय्यर के दिशा निर्देशानुसार "नो यूज ऑफ सिंगल यूज्ड प्लास्टिक" के प्रयोग न करने के लिए जागरुकता रैली निकाली।

रैली को महाविद्यालय के सचिव डॉ. ताराचंद डोटासरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कस्बे के मुख्य बाजार के रास्तों से गुजरी, सभी कैडेट्स अपने हाथों में प्लास्टिक के प्रयोग नहीं करने से संबंधित स्लोगन्स की तख्तियां लिए हुए थे और स्लोगनों के उद्बोधन से सभी कस्बेवासियों, ठाहकों और दुकानदारों में जागरूकता फैलाई। साथ ही कुछ कैडेट्स सब्जी मंडी के व्यापारियों से प्लास्टिक की थैली में सब्जी नहीं बेचने के लिए निवेदन कर सहयोग चाहा और इससे होने वाले नुकसानों




जागरूकता रैली निकालते श्री श्याम पीजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स।

और इसके विकल्पों के बारे में अवगत करवाया।

रैली कस्बे के प्रमुख रास्तों से मार्च करते हुए वापस महाविद्यालय प्रांगण में पहुंची। जहां एनसीसी सीटीओ डॉ. रामस्वरूप ने सभी कैडेट्स को प्लास्टिक के प्रयोग नहीं करने को लेकर अपने अपने परिवारों में, मोहल्लों में, गांवों में

■ **पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया**

तथा बसों में जागरूकता पैदा कर राष्ट्र हित मे प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया और प्रेरित किया।

इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य भंवरलाल सैनी, एनसीसी सीटीओ डॉ. रामस्वरूप, एनसीसीपीआई कैप्टन मनीराम, बीएससी, बीए बीएड प्राचार्य डॉ. रोहिताश महला, सहायक आचार्य रविकुमार बिजारणियां, रविकुमार खीचड़, रामनिवास सैनी, सुरेशकुमार जांगिड़, आशुतोष पारीक, विजयकुमार खेदड़, अनिलकुमार सैनी, विजेंद्रकुमार सैनी, सुरेंद्रकुमार सैनी, राकेश कुमार, प्रियंका चौधरी, योगेश महला, अनिलकुमार शर्मा, प्रदीप पूनियां आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कागंड़, पंचायत समिति रतनगढ़**

क्रमांक :-39-42 दिनांक 18.07.2022

**खुली प्रतियोगी बोला**

नीचे अंकित की अवधि के लिए ग्राम पंचायत क्षेत्र कागंड़ के ग्राम कागंड़ में साफ-सफाई कार्य हेतु श्रम विभाग में रजिस्टर्ड अनुभवी ठेकेदार फर्मों एवं एन.जी.ओ. से खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. सं | सफाई कार्य का विवरण | अनुमानित ठेका राशि | अमानत राशि रूपये | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 |
| 1 | ग्राम पंचायत कागंड़ के ग्राम कागंड़ के सभी सभी वाडों में प्रतिदिन सफाई करना, नाली निकालना ठोस कचरा प्रबंधन, वर्षाती रेत हटाना आवारा मृत पशुओं आदि उठाकर गांव से बाहर यथा स्थान डालने का कार्य तथा सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, राजीव गांधी सेवा केन्द्र परिसर की सफाई कार्य एवं घरों से ठोस सूखा कचरा ट्रेक्टर ट्रोली में डालकर गांव के बाहर यथा स्थान पर निपटारा करना आदि कार्य | 300000 (अवधि जुलाई 2022 से जून 2023 तक) | अनुमानित राशि के 2 प्रतिशत | 26.07. 2022 दोपहर 12.00 बजे | 26.07. 2022 को 3.00 पीएम बजे |

नोटः- निविदा प्रपत्र दिनांक 19.07.2022 से दिनांक 25.07.2022 को सांय 4 बजे तक निविदा शुल्क रू 500/- जमा करवाकर ग्राम पंचायत कागंड़ से प्राप्त कर सकते है।
सफाई ठेका की विस्तृत शर्तें एवं कार्य विवरण, निविदा प्रपत्र, ग्राम पंचायत कागंड़ के कार्यालय समय में आकर देख सकते है।
NIB- ZCR202223A0360
UBN-ZCR2223SSOB00605

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कागंड़
पंचायत समिति, रतनगढ़

सरपंच
ग्राम पंचायत कागंड़
पंचायत समिति, रतनगढ़

# राजस्व कर्मचारी धरने पर बैठे, तहसील व पटवार कार्यालय में काम काज बाधित रहा



राजस्व सेवा परिषद की ओर से पैन डाउन हड़ताल कर तहसील कार्यालय के प्रदर्शन किया गया।

■ पटवारी को जान से मारने की धमकी व गाली-गलौज करने का मामले

**खेतड़ी, (निसं)।** अतिक्रमण की रिपोर्ट बना कर देने पर पटवारी को जान से मारने की धमकी व गाली-गलौज के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को राजस्व सेवा परिषद की ओर से पैन डाउन हड़ताल कर तहसील कार्यालय के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से तहसील व पटवार कार्यालयों में कामकाज बाधित हो गया तथा अपने काम के लिए आने वाले लोग कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे। धरने पर बैठे तहसीलदार विवेक कटारिया ने बताया कि हल्का पटवारी कालियासर व अलसीसर पटवारियों की टीम का गठन कर तहसीलदार ने सीमा ज्ञान करने के निर्देश दिए थे। जिस पर पटवारियों द्वारा मौका रिपोर्ट कर अवैध रूप से अतिक्रमण होना पाया। जिस पर आरोपी ईशाक मोहम्मद पंचायत भवन अलसीसर आया और पटवारी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए रिपोर्ट फाड़ने की कोशिश की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में अलसीसर पटवारी ने राजकार्य मे बाधा पहुंचाने व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया था। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस बात को लेकर जिलेभर के राजस्व कर्मचारियों ने तीन दिन पूर्व जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी तथा कार्यवाही नहीं होने पर सोमवार को हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी।

आरोपी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं होने पर तहसीलदार, गिरदावर, पटवारी व राजस्व सेवा परिषद के सभी कर्मचारियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया व आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए तहसील कार्यालय के आगे विरोध प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। विरोध कर रहे राजस्व सेवा परिषद के कर्मचारियों ने पटवारी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर पटवारी सुमेर सिंह, पप्पू लाल गिरदावर, कानूनगो राजेश, अमित कुमार, सुनील ढाका, मुकेश कुमार, मदनलाल दौराता, सूरजमल सैनी, वीरेंद्र कुमार, सत्यवीर, रामस्वरूप सैनी, रिंकू सैनी सहित राजस्व सेवा परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्रा को निःशुल्क गैस सिलेंडर मिला

**चूरू, (कासं)।** पीपुल यूनिटी संस्था की ओर से रघुनाथ खेमका ने गरीब छात्रा को उज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर एवं सामग्री प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा उज्जवला योजना के अंतर्गत महिलाओं को निःशुल्क गैस सिलेंडर, गैस चुल्हा रेगुलेटर एवं आवश्यक सामग्री पात्र महिलाओं को वितरित किया जाते हैं। उसी के अंतर्गत इंडेन गैस वितरक एजेंसी जेसो का बास घांघू चूरू मैं पात्र गरीब छात्रा जिसके पिता की कोरोना के कारण मृत्यु हो गई थी। उन्हें रघुनाथ खेमका अध्यक्ष पीपुल यूनिटी संस्था जी के मॉल के द्वारा उक्त स्कीम के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर एवं सामग्री प्रदान की गई। संस्था के सचिव इंजीनियर सुरेश शर्मा ने बताया कि पात्र महिलाएं इसका पूरा पूरा लाभ उठाएं तथा जी के मॉल में इसकी पूरी जानकारी प्राप्त करे। इस अवसर पर इंजीनियर अजित चौधरी, हिदायत खान, नवरतन सोनी, मुकेश योगी, मुस्ताक खान, मुकेश शर्मा, दीपेश शर्मा, अमित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# 'हैल्दी लीवर कैम्पेन' जागरूकता रैली निकाली




चूरू में वायरल हैपीटाइटिस रोग से बचाव के लिए जागरुकता रैली निकाली गई जिसे नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र से नोडल अधिकारी एस.एन.धोलपुरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

■ वायरल हैपेटाइटिस रोग से बचाव के लिये आमजन को किया जागरूक

**चूरू, (कासं)।** चिकित्सा विभाग के चलाये जा रहे हैल्दी लीवर कैम्पेन के तहत सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई।

जागरूकता रैली को अभियान से आमजन को नेशनल वायरल हैपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस.एन.धौलपुरिया ने नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रमुख मार्ग से होते हुए वापस नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र पहुंची। इस हैल्दी लीवर कैम्पेन व वायरल हैपेटाईटिस रोग के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवकरण गुरावा ने जिला औषधि भंडार प्रभारी डॉ. राशीद राजकीय डीबी अस्पताल के डॉ. प्रदीप कस्वां, एएनएमटीसी के अधीक्षक बजरंग हर्षवाल, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला सलाहकार डॉ लाडकंवर, फ्लोरोसिस के सलाहकार मनीष कुमार, एनसीडी के जिला सलाहकार प्रेमशंकर शर्मा, कुलदीप सिंह महरोक, आईडीएसपी के डीईओ संजय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शराब ठेके के पास अवैध देशी कट्टा लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार



सेफरागुवार शराब ठेके के पास अवैध देसी कट्टा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ सोशल मीडिया पर करता था और हथियारों सहित फोटो वायरल

**खेतड़ी, (निसं)।** अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड कर वायरल करने व किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले सेफरागुवार शराब ठेके के पास देसी कट्टा लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है।

सीआई विनोद सांखला ने बताया कि एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देश पर जिलेभर में अवैध हथियारों को लेकर विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। सीआई विनोद सांखला के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गश्त के दौरान सिपाही दिनेश कुमार गुर्जर ने मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि सेफरागुवार शराब ठेके के पास एक व्यक्ति अवैध देसी कट्टा लेकर घूम रहा है। जिसकी सूचना पर पुलिस ठेके के पास पहुंची तो पुलिस को देख एक व्यक्ति भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उस व्यक्ति को पकड़ा तथा भागने का कारण पूछा तो वह संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक देशी कट्टा मिला। पुलिस ने देशी कट्टे जब्त कर आरोपी रुपा का बास (हरड़िया) निवासी संदीप को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सीआई ने बताया कि आरोपी के खिलाफ खेतड़ी थाने में सेफरागुवार में पेट्रोल पंप लूट, आर्म्स एक्ट सहित तीन मामले दर्ज है। पुलिस आरोपी से अवैध देसी कट्टे के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है तथा और भी वारदातें खुलने की संभावना जताई जा रही है।

## सैनी समाज की बैठक आयोजित

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** जहाज गांव में बोकन्याला ढाणी व हिरामल मन्दिर के परिसर में रविवार को सैनी समाज की बैठक समाजसेवी रामनिवास सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वक्ताओ ने बताया कि प्रदेश में माली समाज को ओबीसी वर्ग में से संख्या के अनुपात में अलग से आरक्षण वर्गीकृत करने को लेकर चल रहे सामाजिक जागरण अभियान में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में बताया कि सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं उनकी पत्नि सावित्री बाई फुले के सामाजिक व शैक्षणिक विचारो का प्रचार प्रसार समाज के अन्तिम छोर तक होना चाहिए। बैठक में एडवोकेट मोतीलाल सैनी उदयपुरवाटी, डॉ. अशोक सैनी, महेन्द्र सैनी, सुनिल सैनी, पीएम राजोरिया, योगेश सैनी ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष रामनिवास सैनी ने युवाओ से सामाजिक गतिविधियो की अग्रिम पंक्ति में रहकर ईमानदारी एवं निरंतरता के साथ कार्य करने की अपिल करते हुए युवाओ को सामाजिक चेतना के कार्यो में आर्थिक सहयोग करने की बात कही। बैठक में राकेश, महेन्द्र, रतनलाल टांक, लालचन्द, भगवान सहाय, दीपचन्द, किशोर, रणजीत, सुभाष, लूणाराम, किशनलाल, सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

# कार्यशाला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी



चूरू जिला कलेक्ट्रेट सभागार में फसल बीमा कार्यशाला में इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि रुचिन ने फसल बीमा की जानकारी दी।

**चूरू, (कासं)।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की कार्यशाला का आयोजन अतिरिक्त जिला कलेक्टर लोकेश गौतम अध्यक्षता में किया गया।

कार्यशाला में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के जिला प्रतिनिधि रूचिन ने फसल बीमा की जानकारी दी और बताया कि खरीफ 2022 की फसल का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। ऋणी किसान अपनी फसल में संशोधन 29 जुलाई तक करवा सकते हैं और जिन किसानों को योजना से पृथक होना है वो बैंक में जाकर फॉर्म 24 जुलाई तक दे सकते हैं। साथ ही गैर ऋणी किसान अपना बीमा कॉमन सर्विस सेंटर, पोस्ट ऑफिस के माध्यम से 31 जुलाई तक करवा सकते हैं।

उप निदेशक कृषि विस्तार दीपक कपिला ने बताया कि बीमा कंपनी के प्रचार रथों द्वारा गांव.गांव जाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है एवं महिला कृषक संगोष्ठी, फसल बीमा पाठशाला, किसान संगोष्ठी एवम नुकड़ नाटक द्वारा किसानों को फसल बीमा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। कार्यशाला में सहायक निदेशक कृषि मोहन दादरवा, सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय, कृषि अधिकारी कुलदीप शर्मा सहित कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक एवं बैंक अधिकारियों ने भाग लिया।

## अजमेर डिस्कॉम के 14.31 लाख के प्रकरण निपटे

■ 63 उपभोक्ताओं को मिली राहत

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में सोमवार को अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से संबंधित प्रकरणों की विशेष लोक अदालत आयोजित हुई। जिसमें 14 लाख 31 हजार 838 रुपए के प्रकरणों में 63 उपभोक्ताओं को 6 लाख 18 हजार 920 रुपए की विशेष राहत रूपी छूट देकर अजमेर डिस्कॉम की ओर से विधि अधिकारी डॉ. प्रज्ञ कुल्हार एवं एक्सईएन अशोक कुमार ने प्रकरणों का आपसी सहमति से निस्तारण करवाया गया। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा एवं सदस्य मनोज मील, नीतू सैनी ने विशेष लोक अदालत के अवार्ड (पंचाट) पारित किए। विशेष लोक अदालत में पुराने प्रकरणों का निपटारा होने से उपभोक्ताओं को वर्षों बाद विद्युत कनेक्शन करवाने का अधिकार भी मिला। वहीं पुराने प्रकरणों में ब्याज, एलपीएस इत्यादि की संपूर्ण छूट के साथ ही विद्युत कनेक्शन के 12 महीनों के वास्तविक उपभोग राशि को भी आगामी विद्युत बिलों में समायोजित किए जाने का विशेष परिलाभ उपभोक्ताओं को एवीवीएनएल से दिलाया गया है।

# अध्यापक पात्रता परीक्षा 2022 लेकर बैठक

■ जिले में कुल 23 परीक्षा केन्द्र है

■ 23 व 24 जुलाई दो पारियों में आयोजित होगी परीक्षा

**चूरू, (कासं)।** जिला सभागार में सचिव एवं समन्वयक रीट.2022 कार्यालय राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा 23 जुलाई शनिवार व 24 जुलाई रविवार को प्रतिदिन दो पारियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व दोपहर 3 बजे से 5.30 बजे तक को अध्यापक पात्रता परीक्षा 2022 रीट को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक निसार अहमद खान बताया कि जिले में कुल 23 परीक्षा केन्द्र है। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट परीक्षा से पूर्व जिला परिषद् सभाकक्ष चूरू में बिफिंग बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में केन्द्राधीक्ष०, केन्द्र पर्यवेक्षक व फुलाइंग कम ओएमआ कॉर्डिनेटर्स आदि ने भाग लिया। उक्त बिफिंग जिले के राउमावि सातड़ा प्रधानाचार्य व नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स सत्यनारायण सैनी व राउमावि ढाणी डीएसपुरा प्रधानाचार्य प्रमेन्द्र शर्मा द्वारा दी गई। नोडल अधिकारी, रीट परीक्षा.2022 एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर लोकेश कुमार गौतम द्वारा परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये। सदस्य सचिव रीट.2022 एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक निसार अहमद खान द्वारा परीक्षा सम्बन्धित ध्यान रखने व परीक्षा में लाने वाली परेशानियों पर चर्चा एवं समाधान हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

## चैक अनादरण मामले में एक वर्ष का कारावास

**सुजानगढ़, (निसं)।** चैक अनादरण के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट बबीता वर्मा ने आरोपी मनोज कुमार नाई को एक वर्ष के कारावास एवं चार लाख रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। परिवादी के अधिवक्ता एड. विनोद कुमार सोनी व स्वप्निल सोनी ने बताया कि आरोपी मनोज कुमार नाई ने परिवादी जितेन्द्र कुमार सोनी से दो लाख चालीस हजार रूपये उधार लिए थे। जिनके पुर्नभुगतान के लिए अपने बैंक खाते का चैक आरोपी ने परिवादी को दिया था। समय आने पर परिवादी ने चैक बैंक में जमा दिया, लेकिन आरोपी मनोज कुमार नाई के खाते में पर्याप्त जमा शेष नहीं होने के कारण चैक अनादरित हो गया। प्रकरण में न्यायालय ने दोनो पक्षों को सुनने के पश्चात आरोपी मनोज कुमार नाई को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के कारावास एवं चार लाख रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# लोक अदालत मोबाइल वाहन को रवाना किया

**चूरू, (कासं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बलजीतसिंह ने विधिक जागरूकता एवं लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु सचल विधिक सेवा केन्द्र एवं लोक अदालत मोबाईल वाहन को जिला न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय नेपालसिंह, विशिष्ठ न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय अनिल बेनीवाल, अपर जिला एवं सेसन न्यायाधीश अनिता टेलर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्णकांत, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्का यादव, अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभासिंह राठौड़ अधिवक्तागण जगदीश कस्वां, सांवरमल स्वामी, हनुमान प्रसाद स्वामी, विनोद कुमार दनेवा, पंकज शर्मा, वरूण सैनी, अनीष खान, संतलाल सहारण, शिवसिंह राठौड, मोहरसिंह, संजय सिहाग, आनन्द सैनी, सुनील मेघवाल आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि चूरू न्यायक्षेत्र में उक्त मोबाईल वाहन 10 से 30 जुलाई तक के लिये प्राप्त हुआ है। इस अवधि में चूरू तहसील के लिए 18 से 21 जुलाई तक उपलब्ध मोबाईल वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जायेगा। मोबाईल वाहन अपने रूट चार्ट के अनुसार 18 जुलाई को लाल घंटाघर चूरू, ग्राम ढाढर, लाखाऊ, श्योदानपुरा, मोती का बास, लादड़िया व लक्ष्मणसिंह की ढाणी पहुंचेगा एवं विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त की जानकारी प्रदान करेगा तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह रोकने के लिये उत्तरदायी सरकारी मशीनरी और बाल अधिकार संरक्षण की जानकारी के तहत् किये जाने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रमों एवं इस प्राधिकरण की हेल्पलाईन नम्बर की जानकारी दी जायेगी।

# पानी निकासी की मांग को लेकर ईओ को ज्ञापन सौंपा



राजगढ़ नगरपालिका ईओ सुमेर सिंह को ज्ञापन सौंपते वार्ड पार्षद।

**सादुलपुर, (निसं)।** नगरपालिका क्षेत्र राजगढ के वार्ड 01 पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास से गन्दे पानी की निकासी हेतु उचित व्यवस्था करवाने की माँग को लेकर बसपा वार्ड पार्षदों नें नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी सुमेरसिंह श्योराण को ज्ञापन सौंपा है।

वार्ड 01 के पार्षद अमित नायक, वार्ड 40 के पार्षद एडवोकेट राजेन्द्र पटीर व वार्ड 18 के पार्षद महेन्द्र दिनोदिया नें ईओ सुमेर सिंह को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वार्ड संख्या 01, पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास वार्ड संख्या 1, 2 व 3 की नालियों का गन्दा पानी एकत्रित हो जाता है, जिस कारण बारीश के मौसम में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गन्दा पानी एक जगह इकट्ठा हो जाने से अम्बेडकर सर्किल से मौहल्ले कि तरफ जाने वाले मुख्य रास्ता सडक पूरी तहर से अवरूद्ध हो चूकी है। जिसके कारण लोगों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इसलिए समय-समय पर नालो की सफाई व डिग्गी पर पम्प का संचालन किया जावे ताकि मौहल्लेवासियों को गन्दे पानी से निजात मिल सके।

# उदयपुर में तैनात दूधवा के पुलिस जवान बुद्धनारायण का बीमारी से निधन



अंतिम संस्कार के दौरान झुंझुनूं से आई पुलिस टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

■ पैतृक गांव में हुआ राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**खेतड़ी, (निसं)।** राजस्थान पुलिस में उदयपुर में तैनात हैड कांस्टेबल 48 वर्षीय बुद्धनारायण शर्मा का सोमवार को उनके पैतृक गांव दूधवा के मुक्ति धाम में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

शर्मा की पार्थिव देह पर डीएसपी खेतड़ी राजेशकुमार कसाना, सीआई विनोद सांखला, सीआई उदयपुर अनिल देवल व शैलेंद्रसिंह सहित ने पुष्पचक्र अर्पित किए। हैड कांस्टेबल की पार्थिव देह के साथ आए सीआई अनिल देवल व शैलेंद्रसिंह ने बताया कि हैड कांस्टेबल बुद्धनारायण शर्मा वर्ष 1992 में राजस्थान पुलिस मे भर्ती हुए थे। वह पिछले काफी समय से उदयपुर की ट्रैफिक पुलिस में तैनात थे। दो दिन पूर्व उदयपुर में ड्यूटी पर तैनात बुद्धनारायण के अचानक पेट में दर्द की शिकायत होने पर ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां स्वस्थ नहीं होने पर इसके बाद उसे अहमदाबाद ले गए। ईलाज के दौरान बुद्धनारायण शर्मा निधन हो गया। सोमवार सुबह जब उनका शव पैतृक गांव दूधवा पहुंचा तो उनके घर में कोहराम सा मच गया। देवल ने बताया कि एचसी बुद्धनारायण लगभग बीस वर्षों तक जिला डीएसटी टीम में भी तैनात रहे थे तथा वे फुटबॉल, वॉलीबाल व कबड्डी के अच्छे खिलाड़ी रहे है। खेलों में पुलिस टीम में खेलते हुए उन्होंने कई पदक हासिल पर पुलिस का गौरव बढाया था।

जवान के परिवार में धर्मपत्नि संगीता शर्मा व दो बेटियां व एक पुत्र कुणाल है। जो 11वीं कक्षा का छात्र है। डीएसपी राजेश कसाना ने तिरंगा जवान के पुत्र कुणाल को प्रदान किया तो वहां उपस्थित हर किसी की आंखे नम हो उठी। इस दौरान झुंझुनूं से आई पुलिस टुकडी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पार्थिव देह को उनके पुत्र कुणाल ने मुखाग्नि दी। जवान के अंतिम संस्कार में उप जिला प्रमुख सत्यवीर गुर्जर, मुंशीराम गुर्जर, ब्रह्मानंद शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, हनुमानप्रसाद शर्मा, सुभाष शर्मा, अशोक शर्मा, रामावतार, रामकिशन, रामानंद शर्मा, कैलाशचंद शर्मा, मदनमोहन शर्मा, सुखदेव आर्य, रामजीलाल गुर्जर, राजवीर गुर्जर, अनिल अनमोल, लेखराज सहित दर्जनों लोगों ने पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## काव्य गोष्ठी का आयोजन

**चूरू, (कासं)।** हिंदी साहित्य संसद के सौजन्य से नगरश्री सभागार में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अध्यक्षता बाबूलाल शर्मा ने की। गोष्ठी इदरीस खत्री राज के विशिष्ट सानिध्य में मनाई गई। हिंदी साहित्य संसद के अध्यक्ष बनवारी खामोश सहित मंचस्थ लोगों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया। विष्णु शर्मा ने मंगलाचरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संसद के सचिव विजय कान्त ने बताया कि देर तक चले कार्यक्रम में शहर के लगभग सभी कवियों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाएं प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। मंगल व्यास भारती से प्रारंभ हुई गोष्ठी में चंद्र प्रकाश ढंढ, दीपक कामिल, शंकर लाल महर्षि, अनंत राम सोनी, बाबू खां नूर, अब्दुल मन्नान, सुरेन्द्र पारीक रोहित, विजय कान्त से होते हुए कमल सिंह कोठारी, इदरीस खत्री राज और बनवारी खामोश तक चली। आगंतुकों का स्वागत विजय कान्त और धन्यवाद प्रस्ताव बनवारी खामोश ने किया। आयोजित गोष्ठी का संयोजन कमल सिंह कोठारी ने किया।

# सावन के पहले सोमवार को गूंजे बम भोले के जयकारे

■ छोटी काशी के नाम से विख्यात चूरू में सावन आते ही शहर के शिव मंदिरों में चहल-पहल देखने को मिलने लगी है

**चूरू, (कासं)।** छोटी काशी के नाम से विख्यात चूरू में सावन आते ही शहर के शिव मंदिरों में चहल-पहल देखने को मिलने लगी है। सावन के पहले सोमवार को शहर के सभी शिवालय बम-बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो गये।

यहां पर स्थित विविध स्थानों पर बने शिव मंदिरों में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। यहां पर आज महिला, पुरुषों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर उनके बिल्व पत्र, आक, धतूरा के पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित राधाकृष्ण मंदिर में बने शिवालय में भी यहां पर सुबह से लोगों की भीड़ लग गई। यहां पर आज श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर भगवान शिव को रिझाया। सावन के पहले सोमवार को पवित्र तीर्थ स्थलों से कावड़ लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया गया। वहीं महिलाओं व युवतियों ने बड़ी संख्या में दूध, जल, पुष्प चढ़ाकर भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर अंचल में सुख समृद्धि की कामना की।

शहर के नयाबास, पुलिस लाईन परिसर, किसान घाट के पास, अग्रसेन नगर, रामगढ़िया दरवाजे के पास, श्रीराम मंदिर, रेलवे कॉलोनी सहित सभी मंदिरों में बम-बम भोले के जयकारे सुनायी दिये और महिलाओं की काफी भीड़ नजर आई। वहीं इस सावन मास में महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिलता है। इस अवसर पर अधिकांष महिलायें व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करती है। सावन के सोमवार को महिला, पुरुषों ने दिनभर उपवास रखकर भगवान शिव की उपासना की।

